बरेली पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 08.03.2026

थाना सुभाषनगर जनपद बरेली

थाना सुभाषनगर #bareillypolice द्वारा एक अभियक्त को 2.645 किलोग्राम अवैध स्मैक पाउडर (कीमत करीब 5 करोड 30 लाख रुपये) सहित गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 139/2026 धारा 8/21/29 NDPS एक्ट पंजीकृत किया गया ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

थाना सुभाषनगर बरेली पर अभियोग पंजीकृत मु0अ0सं0 139/2026 धारा 8/21/29 NDPS एक्ट बनाम शोभित गुप्ता पुत्र पप्पू गुप्ता निवासी ग्राम सैजनी थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ करीब 27 वर्ष को 2.645 किलोग्राम अवैध स्मैक (कीमत करीब 5 करोड 30 लाख रुपये) सहित गिरफ्तार किया गया ।

सूचना एवं पुलिस टीम कार्यवाहीः-

अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सुभाषनगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 08.03.2026 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शोभित गुप्ता पुत्र पप्पू गुप्ता निवासी ग्राम सैजनी थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ करीब 27 वर्ष को 2.645 किलोग्राम अवैध स्मैक के साथ ग्राम रौंधी जाने वाले मार्ग पर एक बड़े से पाकड़ के पेड़ के करीब गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

पूछताछः-

अभियुक्त से पूछताछ के दौरान अभियुक्त शोभित गुप्ता उपरोक्त ने बताया कि मैं यह माल अपने सगे फूफा रजनीश गुप्ता निवासी ग्राम मानिकपुर शिकारपुर जनपद बदायूँ से लेकर आया था। मैं और मेरे फूफा मिलकर स्मैक की तस्करी का काम करते हैं आज मैं यह स्मैक पाउडर पंजाब से आने वाली एक पार्टी को देने आया था, मेरे फूफा रजनीश गुप्ता की उनसे बात हो गयी थी वो लोग मुझे यही मिलने वाले थे और इसे बैचके जो पैसे आते उन पैसों से अपने शौक पूरे करता और अपनी पूरी सफाई अपने वकील के माध्यम से अदालत मे देना बताया ।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1. शोभित गुप्ता पुत्र पप्पू गुप्ता निवासी ग्राम सैजनी थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ करीब 27 वर्ष ।

प्रकरण में पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 139/2026 धारा 38/21/29 NDPS थाना सुभाषनगर बरेली ।

पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार सिंह थाना सभाषनगर बरेली ।
2. उ0नि0 श्री होराम सिंह थाना सुभाषनगर बरेली ।
3. श्री उ0नि0 विकास यादव एनटीएफ कार्यालय जनपद बरेली
4. हे0का0 दिनेश कुमार एनटीएफ कार्यालय जनपद बरेली
5. का0 2561 प्रदीप कुमार थाना सुभाषनगर बरेली ।
6. का0 कुश कुमार एनटीएफ कार्यालय जनपद बरेली ।
7. का0 सौरभ चौधरी एनटीएफ कार्यालय जनपद बरेली ।